मुसीबत

मेडिकल, विक्टोरिया अस्पताल की ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या

# जोड़ों के दर्द, सर्दी-खांसी के मरीजों से फुल हो रही ओपीडी





### कुछ इस तरह रखें सावधानियां

- जोड़ों में दर्द और गठिया वात के मरीजों को सर्दी के मौसम में गर्म पानी से स्नान करना चाहिए इससे जोड़ों की अकड़न कम होती है।
- ठंड में गर्म कपड़ों के साथ घुटनों को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए।
- गठियाबात के मरीजों को मांसाहारी खाने से बचना चाहिए।
- नियमित रूप से हल्का व्यायाम करना चाहिए।
- गुड़, मूंगफली, दूध का सेवन करें।
- सरसों के तेल से दूसरों से मालिश कराने की बजाय खुद मालिश करें।
- पैरों व घुटने को पूरी तरह गर्म कपड़ों से कवर रखें।

**विशेष सावधानी बरतने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स कर रहे जागरूक**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर में लगातार बढ़ रही ठंड ने जोड़ों के दर्द और सर्दी, खांसी के मरीजों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। आलम ये है कि जिला अस्पताल विक्टोरिया व मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी में इन रोगों से ग्रसित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी कर दी है। जानकारी के अनुसार जहां प्रतिदिन की ओपीडी में 60 से 70 मरीज होते थे वहीं अब ये आंकड़ा 90 तक पहुंच चुका है। ऐसे में मेडिकल व विक्टोरिया दोनों अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लगने लगीं हैं। उधर शहर के निजी अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स के क्लीनिक में भी मरीजों की मौजूदगी अधिक देखी जा रही है। ऐसे में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को ये सलाह दी जा रही है कि वे ठंड में अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और अगर जोड़ों में दर्द अधिक बढ़ जाए तो बिना देरी किए तत्काल डॉक्टर के पास जाएं।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कोठारी ने नवभारत को बताया कि अभी अधिकतर देखा जा रहा है कि लोग बिना गर्म कपड़े पहले घूम रहे हैं जो कि उनकी सेहत के लिए हानिकारक है। वहीं जिला अस्पताल विक्टोरिया के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय जैन ने बताया कि ठंड के मौसम में शरीर में तापमान गिरने के कारण रक्त संचार कम हो जाता है, जिससे जोड़ों में अकड़न और दर्द बढ़ जाता है। खासतौर पर गठियाबात के मरीजों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। जिससे मरीजों को चलने-फिरने में कठिनाई होती है।

### इनका कहना है

ठंड में कोल्ड केस और जोड़ों के दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे मरीजों को गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलना चाहिए। वहीं पुराने फ्रैक्चर या हड्डी की चोट के मरीजों को ठंड में विशेष तौर पर सावधानी बरतनी चाहिए।

**डॉ. नवीन कोठारी**
**सिविल सर्जन, विक्टोरिया अस्पताल।**




# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में मातृशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

**भाजपा का महिला सम्मेलन आयोजित**

**नवभारत,जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा महिला सम्मेलन रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हमारी माताओं बहनों के योगदान के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत अभियान के संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार ने कहा कि 2047 में भारत विश्व का नेतृत्व करें और एक विकसित भारत बनेगा ,यह संकल्प हमारे प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी का है।

वहीं विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में देश की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति को स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष रूपा राव द्वारा एवं आभार महानगर महामंत्री रीना राय ने व्यक्त किया। इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री जनीश यादव, पंकज दुबे, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अश्वनी पराँजपे, वरिष्ठ नेत्री सुषमा जैन, जिला मंत्री डिम्पी विश्वकर्मा, रेनू कोरी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपा राव ,वरिष्ठ नेत्री प्रीति वाजपेयी, रत्ना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा महामंत्री रीना राय, मधुबाला राजपूत, अर्चना अग्रवाल, कल्पना तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

# ओलंपियाड में चमके सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी

**63 जनशिक्षा केंद्रों में 26,367 छात्रों ने दी परीक्षा**



**नवभारत,जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले के 63 जनशिक्षा केंद्रों में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कुल पंजीकृत 28,827 में से 26,367 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा कक्षा 2-3, 4-5 और 6-8 तीन स्तरों पर आयोजित की गई, जिसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान, संस्कृत व सामाजिक विज्ञान विषय शामिल थे। ओएमआर आधारित इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक, चिंतनशील तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को भोजन भी उपलब्ध कराया गया। शाला स्तर पर चयनित छात्र अब जिला स्तरीय ओलंपियाड में प्रतिभाग करेंगे। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने सेंट नॉर्बर्ट स्कूल, पंडित लज्जाशंकर झा मॉडल हाई स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पनागर का निरीक्षण किया। इस आयोजन में जिला शिक्षा केंद्र, डाइट, बीआरसी, जनशिक्षा केंद्रों सहित शिक्षकों व अधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## मीना भट्ट की आठ कृतियों का विमोचन आज

**नवभारत, जबलपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. हरिमोहन पाठक जन्म शताब्दी वर्ष समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश मीना भट्ट द्वारा सृजित छंद, सवैया, गीत,गज़ल, कुण्डलियां, दोहा वार्णिक छंद आदि विधाओं की आठ कृतियों का विमोचन समारोह सिद्धार्थ फाउन्डेशन के तत्वावधान में 19 नवम्बर को शाम 6:30 बजे से होटल समदडिया, वराट रोड में आयोजित है। समारोह संयोजक पुरूषोत्तम भट्ट एवं राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार दुबे, डॉ. अनामिका तिवारी, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल को सम्मानित किया जाएगा। अपनी डांस फेमिली द्वारा वंदना नृत्य होगा। वीणा तिवारी, डॉ. राहुल पाठक, डॉ. सौरभ भट्ट ने साहित्यकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# स्वयंसेवकों ने की यातायात नियमों का पालन करने की अपील




**नवभारत, जबलपुर।** संत अलॉयसियस एवं विशेष महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा यातायात सुरक्षा सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। स्वयंसेवक सड़कों पर उतरकर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते रहे। दो पहिया वाहनों पर चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहनों में सभी यात्रियों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने सड़क पर चलते समय नियमों का पालन न करने वाले लोगों को सावधान किया और जो दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग कर रहे थे, उन्हें सम्मान स्वरूप गुलाब का फूल भेंट किया। पुलिस की सहायता से चलाए गए इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं को जागरूक किया गया, जिनमें कई ऐसे भी थे जो हेलमेट नहीं लगा रहे थे। अभियान के दौरान आवश्यकतानुसार हेलमेट जमा करवाए गए और नई सुरक्षा आदतें अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. फादर जे बेन एंटन रोज के निर्देशन तथा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अभिलाषा शुक्ला के संयोजन में संपन्न हुआ। अभियान को सफल बनाने में डीएसपी बैजनाथ प्रजापति, टीआई हरिकृष्ण अटनेरे, शिवचरण दुबे, गांगराम पाल, चंद्रराम विश्वकर्मा तथा महाविद्यालय के स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। स्वयंसेवकों समर्थ, दीपांजलि, दिव्यांशी, दीपाली, योग्यता, रिया, इशिता, शोएब, शाह और यश ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक नजर में



### सकारात्मक सोच से ही समाज में सम्मान है

**नवभारत,जबलपुर।** रिटायर्ड साथियों की मासिक बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के रक्षा संस्थान, आयुध निर्माणी की महत्वपूर्ण यूनिट जीआईएफ से सेवा निवृत राजपत्रित अधिकारी प्रमोद दुबे, ओम प्रकाश सिंह, सपन कुमार सरकार, प्रण नाथ झा, गुरमुख दास तलरेजा व अनिल कुमार शुक्ला ने अपने-अपने जीवन के अनुभव, कार्यकाल की स्मृतियाँ और वर्तमान जीवनशैली से जुड़ी बातों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। मित्रों ने एक दूसरे को बताया कि रिटायरमेंट के बाद का वक्त स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव के साथ अधिक आनंदमय बनाया जा सकता है। साथियों ने अपनी कार्यप्रणाली, सेवा काल की नैतिक जिम्मेदारी व मधुर यादों, परिवार के प्रति जिम्मेदारियों और समाज के लिए किए जा रहे छोटे-बड़े योगदानों पर भी आत्मिक चर्चा की। इस खास मौके पर रिटायर्ड पर्सनल सैकेट्री एस के सरकार के जन्मदिन को यादगार बनाते हुए प्रमोद दुबे, ओ पी सिंह, पी एन झा, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला ने मोतियों की माला पहनाकर स्वागत कर हमेशा स्वस्थ और दीर्घायु की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किया।



### एसआरआईटी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**नवभारत,जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसआरआईटी) के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन के पहले मैच में जीजीसीटी कॉलेज ने खालसा फार्मेसी को 9 विकेट से हराया। खालसा फार्मेसी 72 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि जीजीसीटी के शिवांश ने 3 विकेट और प्रसून ने 40 रन का योगदान दिया। दिन के दूसरे मुकाबले, पहले क्वार्टर फाइनल में एसआरआईटी कॉलेज ने ज्ञान गंगा फार्मेसी को 118 रन से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसआरआईटी ने 12 ओवर में 197 रन बनाए, जिसमें विकास ने धमाकेदार 103 रन जड़े। ज्ञान गंगा फार्मेसी की टीम 79 रन पर सिमट गई। कार्यक्रम में चेयरमैन रामेंद्र कर्सोलिया, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, मुख्य अतिथि राजा तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका रामराव और आयुष चौधरी ने निभाई।



### बैडमिंटन में श्रुति बनी चैंपियन, पुरुष वॉलीबॉल में एनकेजे विजेता

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल मे मंगलवार को अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्रुति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रैना यादव उपविजेता रहीं, जबकि मॉली यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीजल सेट एनकेजे टीम ने टीआरओ टीम को कड़े संघर्ष में पराजित कर खिताब जीत लिया। मंगलवार को खेले गए पहले मैच ईएनजीजी बनाम ओपीटीजी विभाग के बीच खेला जिसमें ईएनजीजी विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया। गुलशेर और मोहन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 104 रन का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी में ओपीटीजी विभाग निर्धारित प्रदर्शन नहीं कर सका और यह मुकाबला 27 रनों से ईएनजीजी विभाग ने जीत लिया।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को सेफ्टी रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में संरक्षा, समयपालनता, स्टेशन पुनर्विकास, अधोसंरचना निर्माण कार्यो एवं रेलवे के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को शर्दियों के मौसम में कोहरे के समय सेफ्टी अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित कार्यो एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक बंदोपाध्याय ने कहा कि संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधोसरंचना कार्यो की समीक्षा के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड

## तो जल्द होंगे कैंट बोर्ड के चुनाव

**जबलपुर, नवभारत।** एक बार फिर कैंट बोर्ड मेंबर्स चुनावों की सुगबुगाहट शुरू हो गई हैं। दरअसल, पिछले दिनों भाजपा से जुडे कैंट बोर्ड के पूर्व मेंबर्स ने लखनउ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले थे। रक्षा मंत्री से चर्चा के उपरांत पूर्व मेंबर्स का ऐसा दावा है कि कैंट बोर्ड मेंबर्स के चुनाव जल्द होंगे। यह खबर फैलते ही देश की सभी कैंट बोडर्स में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कैंट बोर्ड की राजनीति में सक्रिय रहने वाले नेताओं के कार्यालयों में फिर चहल पहल नजर आने लगी है। बताया जाता है कि बीते शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के दौरे पर थे। इसी दौरान उनसे मिलने पहुंचे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए चुनाव कराने का आश्वासन दिया हैं।



# रामेश्वरम कालोनी में सुहागलों का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की वार्ड संयोजिका पूर्ति दुबे के द्वारा विजय नगर रामेश्वरम कालोनी में वृहत सुहागलों का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से कविता दुबे, कीर्ति पांडे, अपर्णा तिवारी सपना मिश्रा, सविता शर्मा, सुनीता दुबे, श्वेता दुबे ,एकता दुबे, शिवांगी दुबे, आकृति दुबे, विनीता दुबे, सीमा त्रिपाठी, रूबी शर्मा, मंजू, अर्चना, रीना शर्मा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# अनुसंधान परियोजनाओं को लेकर बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाइयों हेतु इंस्टीट्यूशन रिसर्च प्रोजेक्ट की प्रक्रिया प्रारंभ की जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों जबलपुर, महू व रीवा से कुल 21 अनुसंधान परियोजनाओं के प्रस्ताव विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान को प्राप्त हुए। जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक समिति संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉक्टर श्रीकांत जोशी के अध्यक्षता में गठित की गई, डॉ मधु स्वामी डॉ बी रॉय तथा डॉ अक्षय गर्ग समिति के सदस्य रहे।समिति द्वारा 21 में से 12 परियोजनाओं को चयनित किया। सभी 12 परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषको द्वारा विश्वविद्यालय सभागार में कुलपति, संचालक अनुसंधान सेवाएं, संचालक शिक्षक आदि के समक्ष पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा इनमें से किन्हीं चार परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की जायेगी। कुलपति ने अपने उद्बोधन में सभी फैकल्टी को पशु स्वास्थ्य एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार तथा उपयोगी परियोजनाओं के प्रस्ताव पर काम करने कहा।

## नशा मुक्त भारत बनाने शपथ ली

**जबलपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के आयोजन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समापन समारोह का आयोजन मंगलवार को पश्चिम मध्य रेल की सभी इकाईयों पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार के मार्गदर्शन में मुख्यालय सहित सभी इकाईयों पर नशा मुक्ति की शपथ ली गई। आयोजित कार्यक्रम से मुख्यालय सहित पश्चिम मध्य रेल की सभी इकाईया ऑनलाइन माध्यम से जुड़ीं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से भी नषा मुक्ति की शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके साथ ही मुख्यालय मनन सभाग्रह में मुख्य कार्मिक अधिकारी आईआर अजय कुमार दीक्षित ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई।

# ग्रीष्मऋतु के पहले पेयजल व्यवस्था को किया जाए मजबूत : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्रात: 9 बजे से जल विभाग एवं उद्यान विभाग के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बारी-बारी से विभागीय तैयारियां के संबंध में जानकारी लेने के साथ-साथ यह भी जानकारी ली कि ग्रीष्मऋतु में नागरिकों को दोनो समय बेहतर व्यवस्था के तहत् जलापूर्ति हो उसकी क्या तैयारी है, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मऋतु के दौरान नागरिकों को जलापूर्ति में कोई असुविधा नहीं होगी, अभी से उसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। इस दौरान निगमायुक्त ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि डिवाइडर पर लगे पौधों को एकरूपता के साथ छटाई कराएं तथा जिन-जिन स्थानों पर पौधे लगाये जाना है उन स्थानों पर अभी से व्यवस्थित तरीके से पौधे लगाने का कार्य करें ताकि गरमी के दिनों में पौधे सूख न पाए। समीक्षा बैठक में सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम


रसरंजनी संगीत ग्रुप ने मनाई प्रथम वर्षगांठ

# तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है.....



**जबलपुर, नवभारत।** रसरंजनी संगीत ग्रुप के तत्वाधान में दत्त मंदिर के सभागार में गीत संगीत और लाइव ओर्केस्ट्रा का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। रसरंजनी संगीत ग्रुप की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में लाजवाब नग्मे जैसे ओ पालनहारे., क्या यही प्यार है.., आपसे हमको बिछड़े हुए.., एक हसीन शाम को.., तू इस तरह से मेरी.., आदि प्रस्तुत किये गए। गायक कलाकारों में डॉ अनिल बाजपेयी, रीमा बेनर्जी, रुमा बेनर्जी, किशोर तम्हाने, राखी मजूमदार, मधुमिता कौशिक, अर्जुन सोमवंशी, जयंत टेभरे, अभिषेक तिवारी, दीपेंद्र, रिंकू बग्गा, आनंद साहू, श्रवण, चंद्रशेखर, प्रदीप बेनर्जी, दीपक, राहुल, मनोज शर्मा, राधा आदि शामिल थे। वही लाइव ओर्केस्ट्रा की प्रस्तुति गोलू बेन और उनकी टीम के द्वारा दी गई।

### इनका कहना है



रसरंजनी संगीत ग्रुप की प्रथम वर्षगांठ पूरी होने पर एक शानदार की संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया था इसमें अनेक गीत गाए गए। मैने जट यमला पगला दीवाना गीत गाया।

**डॉ. अनिल बाजपेई**



मैने भी कार्यक्रम में पल पल दिल के पास जैसे अन्य गीत गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम बहुत अच्छा था।

**रूमा बैनर्जी**

# सेवेन वंडर्स थीम पर मनाया वार्षिक खेल उत्सव



**नवभारत, जबलपुर।** अशोक हॉल जूनियर एंड हाई स्कूल, विजयपुर में वार्षिक खेल उत्सव बड़े उत्साह, अनुशासन और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम सेवेन वंडर्स रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने विश्व के सात अजूबों से प्रेरित विभिन्न नृत्य, खेल एवं कलात्मक प्रस्तुतियाँ देकर एकता, संस्कृति और अदम्य मानव भावना का सुंदर संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और खेल मशाल प्रज्वलन से हुआ। बहुरंगी गुब्बारों के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया गया। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्चपास्ट और गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं में प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक के विद्यार्थियों ने रिले रेस, योग, स्केटिंग, मलखंब, जर्मन व्हील, एरियल आर्ट और जिमनास्टिक जैसी रोमांचक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत, चीन, रोम, पेरू, जॉर्डन, मैक्सिको और ब्राज़ील की सभ्यताओं पर आधारित वेशभूषा और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति बैंड फिनाले ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि खेल शरीर, मन और चरित्र—तीनों को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की अनुशासित प्रस्तुतियों और उत्साह की सराहना की। प्राचार्या वाशिमा जॉन ने विद्यालय की उपलब्धियाँ साझा करते हुए कहा कि खेल टीमवर्क, अनुशासन और निरंतर प्रयास का पाठ पढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुखों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।